संपादकीय

अर्थव्यवस्था के मौजूदा स्वरूप

मुख्य आर्थिक सलाहकार ने जिस प्रवृत्ति को लेकर आगाह किया है, उससे निकलने का रास्ता क्या है? आखिर इस मुकाम तक हम पिछले साढ़े तीन दशक में अपनाई गई नीतियों की वजह से पहुंचे हैं।

भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने आखिरकार अर्थव्यवस्था के मौजूदा स्वरूप को लेकर वह चेतावनी दी है, जिस पर अर्थ जगत में पहले से चिंता रही है। नागेश्वरन ने अर्थव्यवस्था के वित्तीयकरण में निहित खतरों को लेकर आगाह किया है। उन्होंने देश के "वित्तीयकरण के जाल" में फंसने की आशंका जताई है। जब शेयर बाजार का सकल पूंजी मूल्य जीडीपी के 140 प्रतिशत तक पहुंच गया हो, तो समझा जा सकता है कि अर्थव्यवस्था किस मुकाम पर है।

नागेश्वरन ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र में हो रहे रिकॉर्ड मुनाफे से एक ऐसी परिघटना सामने आई है, जिस पर कड़ी नजर रखनी होगी। उनकी ये बातें खास गौरतलब है: 'जब बाजार का आकार अर्थव्यवस्था से बड़ा हो जाता है, तब यह स्वाभाविक है कि बाजार के हित और उसकी प्राथमिकताएं सार्वजनिक विमर्श पर हावी हो जाती हैं, हालाकि ऐसा होना तार्किक रूप से जरूरी नहीं है। यहां मैं उस परिघटना का जिक्र कर रहा हूं, जिसे वित्तीयकरण अथवा नीति एवं सकल अर्थव्यवस्था के लाभों पर वित्तीय बाजार के वर्चस्व के रूप में जाना जाता है।' ऐसा होने पर क्या होता है, इसकी चर्चा भी मुख्य आर्थिक सलाहकार ने की है।

उनके मुताबिक सार्वजनिक एवं निजी ऋण का अभूतपूर्व ऊंचा स्तर- जिसमें से कुछ ऋण विनियामकों को मालूम है और कुछ नहीं, परिसंपत्तियों की मूल्य वृद्धि पर आर्थिक वृद्धि का निर्भर हो जाना और उसके परिणामस्वरूप गैर-बराबरी में भारी बढ़ोतरी, ये वित्तीय वर्चस्व वाली अर्थव्यवस्था के परिणाम हैं। उन्होंने आगाह किया कि भारत को ऐसे परिणामों से बचने का प्रयास करना चाहिए। नागेश्वरन की ये बातें सोलह आने सच हैं। अर्थव्यवस्था के यह रूप लेने के दुष्परिणाम आज कभी औद्योगिक शक्ति से दुनिया पर अपना दबदबा बनाने वाले विकसित देश भी झेल रहे हैं। मगर सवाल है कि मुख्य आर्थिक सलाहकार ने जिस प्रवृत्ति को लेकर आगाह किया है, उससे निकलने का रास्ता क्या है? आखिर इस मुकाम तक हम पिछले साढ़े तीन दशक में अपनाई गई नीतियों की वजह से पहुंचे हैं। क्या नागेश्वरन जिस सरकार से जुड़े हैं, उसमें ये दिशा बदलने का बौद्धिक साहस और माद्दा मौजूद है?

ईवी से मिलेगी भारत की ऑटो इंडस्ट्री को रफ्तार, 2047 तक 134 लाख करोड़ रुपए पहुंच सकता है आकार

नई दिल्ली

इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के मुताबिक भारत की घरेलू ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री वित्त वर्ष 24 में 20 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2047 तक 1.6 ट्रिलियन डॉलर (134 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंच सकती है। ऑटो इंडस्ट्री के तेजी से बढ़ने की वजह इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के चलन में इजाफा बताया जा रहा है। डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस में इन-स्पेस के चेयरमैन पवन गोयनका ने कहा कि देश में ऑटोमोटिव इंडस्ट्री तेज वृद्धि के लिए तैयार है और 2047 तक 32 ट्रिलियन के जीडीपी लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

नई दिल्ली में हुए ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एसीएमए) इवेंट में गोयनका ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में ऑटोमोटिव इंडस्ट्री का योगदान 2047 तक 1.6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। आने वाले समय में ऑटो इंडस्ट्री की जीडीपी में हिस्सेदारी मौजूदा 6.8 प्रतिशत से अधिक होगी, क्योंकि पिछले दो दशक से ऑटो इंडस्ट्री करीब 17 प्रतिशत के सीएजीआर से लगातार बढ़ रही है। देश में ऑटो सेक्टर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार में बड़ी भूमिका निभाता है।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि आयात पर निर्भरता घटाने के लिए भारत की ऑटो इंडस्ट्री द्वारा 50 ऐसे महत्वपूर्ण कंपोनेंट की पहचान की गई है, जिनका उत्पादन भारत में किया जाएगा।

अग्रवाल ने आगे कहा कि भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री ने 20 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को वित्त वर्ष 24 में पार किया है और देश के कुल जीएसटी का 14 से 15 प्रतिशत हिस्सा ऑटो इंडस्ट्री से आ रहा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा पैसेंजर और कमर्शियल वाहन बाजार बन गया है। वहीं, दोपहिया और तिपहिया श्रेणी में भारत दुनिया का सबसे बड़ा ऑटो बाजार है।

इस इवेंट में केंद्रीय सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था कि देश में आने वाले समय में ईवी का चलन तेजी से बढ़ेगा। अगले दो वर्षों में इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत पेट्रोल और डीजल वाहनों के बराबर ही पहुंच जाएगी।

म्यूचुअल फंड्स का एयूएम 65 लाख करोड़ रुपए के पार, एसआईपी ने बनाया नया रिकॉर्ड

मुंबई

भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) अगस्त में बढक़र 65 लाख करोड़ रुपए हो गया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एम्फी) की ओर से मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

यह पहला मौका है, जब देश में म्यूचुअल फंड्स का कुल एयूएम 65 लाख करोड़ रुपए के पार निकल गया है। अगस्त में इक्विटी फंड्स में 38,239 करोड़ रुपए का इनफ्लो आया है। इसमें मासिक आधार पर 3.03 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जुलाई में म्यूचुअल फंड का एयूएम 37,113 करोड़ रुपए बढ़ा था।

यह लगातार चौथा महीना है, जब इक्विटी म्यूचुअल फंड में 34,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश हुआ है। सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए होने वाले निवेश का आंकड़ा अगस्त में 23,547 करोड़ रुपए रहा है और पिछले महीने यह 23,332 करोड़ रुपए का था। डेटा के मुताबिक, अगस्त में स्मॉलकैप फंड्स में इनफ्लो 52 प्रतिशत बढक़र 3,209.33 करोड़ रुपए, मिडकैप फंड्स में निवेश 86 प्रतिशत बढक़र 3,054.68 करोड़ रुपए, लार्जकैप फंड्स में इनफ्लो 293 प्रतिशत बढक़र 2,636.86 करोड़ रुपए हो गया है। समीक्षा अवधि में डेट म्यूचुअल फंड में 45,169.36 करोड़ रुपए का इनफ्लो आया है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि यह लगातार 42वां महीना है, जब इक्विटी से जुड़ी स्कीमों में निवेश में बढ़त देखने को मिली है। अगस्त में फोलियो की संख्या 3.16 प्रतिशत बढक़र 14.3 करोड़ हो गई है, जो कि जुलाई में 13.8 करोड़ थी। अगस्त में कुल छह नई म्यूचुअल फंड स्कीम लॉन्च हुई है और इन नए फंड्स ने कुल मिलाकर 11,067 करोड़ रुपए एकत्र किए हैं। इसके अलावा बीते महीने 10 पैसिव फंड लॉन्च हुए हैं और इन फंड्स में करीब 884 करोड़ रुपए जमा हुए हैं।

अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड: लगातार बारिश के कारण तीसरे दिन का खेल भी रद्द

नई दिल्ली। लगातार बारिश के कारण अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स में एकमात्र टेस्ट मैच के तीसरे दिन बुधवार को एक भी गेंद फेंके बिना खेल रद्द कर दिया गया।

बुधवार को भी दिल्ली-एनसीआर में बारिश हुई, जिसके कारण मैदान गीला है, और खराब आउटफील्ड के कारण मैच खेलना मुश्किल है। मैदानी अंपायर शर्फुद्दौला और कुमार धर्मसेना ने तीसरे दिन का खेल रद्द करने का फैसला किया, जबकि टॉस अभी होना बाकी था और दोनों टीमें अपने होटलों में ही रुकी हुई थीं। हालांकि, मैच अभी भी रद्द नहीं हुआ है। मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ पांचवें दिन के पहले सत्र के बाद अंतिम निर्णय लेंगे।

इसका मतलब यह भी है कि मैच से कोई नतीजा आने की संभावना बेहद कम है। अफगानिस्तान कैंप की ओर से आधिकारिक अपडेट में कहा गया, लगातार बारिश के कारण अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड मैच का तीसरा दिन रद्द कर दिया गया है।

भारत में बीते 15 महीने में पहली बार घटी बिजली की मांग, हाइड्रो एनर्जी का बढ़ा उत्पादन

नई दिल्ली



भारत में बिजली की अधिकतम मांग अगस्त महीने में घटकर 217 गीगावाट रह जाने का अनुमान है, जो एक साल पहले 238 गीगावाट थी। मंगलवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिसर्च एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में अगस्त में बिजली की मांग सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत गिरकर 144 बिलियन यूनिट्स (बीयू) रह गई है। बिजली की मांग में कमी ऐसे समय पर देखने को मिल रही है, जब अगस्त में औसत से 7 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है।

बीते महीने जुलाई में बिजली की मांग में सालाना आधार पर 6.7 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली थी। अप्रैल से अगस्त अवधि के दौरान सालाना आधार पर बिजली की मांग में 7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। अगस्त 2024 में बिजली का अनुमानित उत्पादन 155 बीयू का रहा है। इसमें सालाना आधार पर 3 प्रतिशत की गिरावट हुई है। इसके अलावा कोयला और रिन्यूएबल एनर्जी में क्रमश: 3 और 13 प्रतिशत की गिरावट हुई है। हालांकि, बारिश अच्छी होने के कारण हाइड्रोपावर जनरेशन में 7.6 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। बारिश कम होने के कारण इससे पहले दो महीने लगातार हाइड्रोपावर उत्पादन में कमी हुई थी।

रिपोर्ट में आगे बताया गया, बिजली की मांग में नरमी पूरे भारत में देखने को मिली है। उत्तर और पश्चिम भारत में सालाना आधार पर बिजली की मांग क्रमश: 10 प्रतिशत और 6 प्रतिशत कम हुई है। दक्षिण पश्चिम मानसून अगस्त में देश के सभी हिस्सों में पहुंच गया। इसके कारण 31 बांधों में जलस्तर बढ़ गया। इससे हाइड्रोपावर उत्पादन में एक प्रतिशत की बढ़त हुई है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि वित्त वर्ष 25 में बिजली की मांग 6.5 से 7.5 प्रतिशत तक बढऩे का अनुमान है। इसकी वजह मौसम में आने वाला बदलाव है, जिसमें पहली तिमाही की हीटवेव और उत्तर भारत में जुलाई में हुई कम बारिश शामिल है।

हाईवोल्टेज भारत-पाकिस्तान मैच के लिए हो जाइए तैयार, 6 अक्टूबर को होगा महामुकाबला

नईदिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मुकाबलों को लेकर क्रिकेट फैंस के बीच अलग ही स्तर का उत्साह देखने को मिलता है. अब 6 अक्टूबर को भारत की महिला टीम और पाकिस्तान की महिला टीम के बीच मुकाबला खेला जाने वाला है. ये मैच महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के अंतर्गत खेला जाएगा.

3 अक्टूबर से महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत होने वाली है. यूएई की मेजबानी में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट का पहला मैच बांग्लादेश और स्कॉटलैंड के बीच खेला जाएगा. 6 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाएगा. वहीं, टीम इंडिया के शेड्यूल पर गौर करें, तो भारत अपना पहला मुकाबला न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के साथ 4 अक्टूबर को खेला जाएगा. वहीं, पाकिस्तान क्रिकेट टीम अपना पहला मैच श्रीलंका के साथ 3 अक्टूबर को खेलेगी.

आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2024 बांग्लादेश में आयोजित होने वाला था. लेकिन, कई खिलाड़ियों द्वारा सुरक्षा संबंधी चिंता जताने के बाद फैसला लिया गया और इसे यूएई में शिफ्ट कर दिया गया है. अब टूर्नामेंट के सभी मुकाबले दुबई और शारजाह में खेले जाएंगे.

इन दोनों जगहों पर कुल 23 मैच खेले जाएंगे. टूर्नामेंट के ग्रुप समान रहेंगे जिसमें ग्रुप ए में गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है. ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड शामिल हैं. टूर्नामेंट में हर टीम 4 ग्रुप मैच खेलेगी.

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय महिला टीम: आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की टीम: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी , रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजना सजीवन.

भारतीय हॉकी के वॉल पीआर श्रीजेश को पीएम मोदी से मिला स्पेशल लेटर

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व भारतीय हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को एक स्पेशल लेटर लिखकर भारतीय हॉकी में उनके अभूतपूर्व योगदान की सराहना की। भारतीय हॉकी के वॉल कहे जाने वाले पीआर श्रीजेश ने सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें उनकी रिटायरमेंट पर एक खास पत्र दिया।

उन्होंने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा, मुझे पीएम सर से अपने रिटायरमेंट पर यह खास लेटर मिला। हॉकी मेरी जिंदगी है और मैं इस खेल की सेवा करना जारी रखूंगा। भारत को हॉकी में एक ताकत बनाने की दिशा में काम करूंगा, जिसकी शुरुआत 2020 और 2024 के ओलंपिक पदकों के साथ हो चुकी है। मुझ पर विश्वास दिखाने के लिए पीएम सर का शुक्रिया।

श्रीजेश ने श्रीलंका में 2006 के दक्षिण एशियाई खेलों के दौरान अपना अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया था। उन्होंने 328 मैचों में देश का प्रतिनिधित्व किया। हाल ही में उन्होंने पेरिस ओलंपिक खेलों में भारतीय हॉकी टीम के साथ लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतकर अपने शानदार करियर का अंत किया।

पीएम मोदी के पत्र में लिखा है, सबसे पहले पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर एक और शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई। एक खिलाड़ी के रूप में देश के लिए यह आपका आखिरी मैच था, आपके लिए यह एक बहुत ही भावनात्मक क्षण रहा होगा। मुझे यकीन है कि मैच में जो अंतिम हूटर बजा, वह जीवन के अगले भाग की शुरुआत का शंखनाद था, जिसमें आप जूनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच होंगे। मुझे यकीन है कि नई भूमिका में आपका काम उतना ही प्रभावशाली और प्रेरणादायक होगा। श्रीजेश 2022 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य भी रहे हैं। साथ ही उन्होंने चार बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। साथ ही 2015 में एफआईएच हॉकी विश्व लीग फाइनल में कांस्य पदक जीता है।

आज का राशिफल

मेष: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज परिवार के साथ समय बितायेंगे। इससे घर में खुशियों का माहौल बनेगा। आज आपकी कड़ी मेहनत से आसपास के लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे।

वृष: आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। अगर आप नयी जमीन लेने का प्लान बना रहे हैं तो घर के बड़ों की राय जरूर लें। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन संतोषजनक रहेगा कुछ नया सीखने को मिलेगा।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपको किसी बुजुर्ग की सेवा का अवसर मिलेगा, इसे आप सौभाग्य के रूप में समझे। आज आप हर तरह के काम निपटाने के लिए तैयार रहेंगे।

कर्क: आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा।

सिंह: आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है जिन्हे आप बखूबी निभायेंगे। आप जिस काम को करने का प्रयास करेंगे, उस काम में आपको कामयाबी मिलेगी।

कन्या: का दिन सामान्य रहेगा। आज आपके सामने चुनौतियां भी आएंगी आप इनका डटकर मुकाबला करेंगे सफलता हासिल होगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन थोड़ा सामान्य रहेगा।

तुला: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो कोई बिजनेस करने की सोच रही है उनके लिए आज का दिन अच्छा है। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें ,अन्यथा वह काम दोबारा करना पड़ सकता है।

वृश्चिक: आज का दिन सामान्य रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। करियर में उतार-चढ़ाव से आप परेशान हो सकते हैं लेकिन किसी अनुभवी सीनियर्स की मदद से आपको थोड़ी राहत मिलेगी।

धनु: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को आज पदोन्नती के अवसर मिलेंगे। ऑफिस में अच्छे परफोर्मेंस के लिए आपको सम्मानित किया जा सकता है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आयेंगे।

मकर: आज का दिन आज ठीक - ठाक रहेगा। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही खास है। आप दिन का अधिक समय शॉपिंग में बिता सकती हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी कम्पनी से मेल आ सकती है।

कुंभ: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन परेशान हो सकते हैं। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित होंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा।

मीन: आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। आज आपको पुरानी बातें भी याद आ सकती हैं। आज व्यापारिक मामलों में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से सामान्य होगी।

रोशन कनकला के अगले शीर्षक से उठा पर्दा, फिल्म मोगली से फर्स्ट लुक पोस्टर भी आउट

पीपल मीडिया फैक्ट्री के दूरदर्शी निर्माता टीजी विश्व प्रसाद, जो कई तरह के अभिनेताओं और विशिष्ट स्क्रिप्ट वाली कई फिल्में बनाते रहे हैं, ने एक और दिलचस्प प्रोजेक्ट की घोषणा की। निर्देशक संदीप राज, जिन्होंने अपनी पहली फिल्म कलर फोटो के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता था, जंगल की पृष्ठभूमि पर आधारित एक समकालीन प्रेम कहानी के लिए उभरते हुए प्रतिभाशाली रोशन कनकला के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं।

राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाले सबसे कम उम्र के निर्देशक संदीप राज ने कलर फोटो जैसी भावनात्मक गहराई से सजी एक और दिल को छू लेने वाली कहानी गढ़ी है। रोशन कनकला, जिन्होंने अपने सहज अभिनय और सुंदर नृत्य के लिए बहुत प्रशंसा प्राप्त की, नई फिल्म में एक अलग भूमिका में दिखाई देंगे, जिसका नाम दिलचस्प है मोगली।

फर्स्ट लुक पोस्टर में रोशन कनकला एक बनियान पहने हुए अपनी मांसपेशियों को दिखाते हुए और एक आकर्षक मुस्कान बिखेरते हुए दिखाई दे रहे हैं। वह घने जंगल के बीच में एक घोड़े के साथ दिखाई दे रहे हैं। जैसा कि हम सभी जानते हैं, मोगली जंगल बुक का एक लोकप्रिय पात्र है, और इस नई कहानी में भी जंगल की पृष्ठभूमि है। यह देखने में आकर्षक फर्स्ट लुक पोस्टर बहुत ही सुखद लग रहा है, जबकि रोशन शांत दिखाई दे रहे हैं।

फिल्म में नायक और खलनायक दोनों की भूमिकाएँ प्रमुखता से दिखाई जाएँगी, हालाँकि खलनायक की कास्टिंग अभी गुप्त रखी गई है।

हसीन दिलरुबा के बाद गांधारी बनेंगी तापसी पन्नू, कनिका ढिल्लों संग किया एक्शन थ्रिलर फिल्म का एलान

बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू और राइटर कनिका ढिल्लों की पिछली रिलीज फिर आई हसीन दिलरुबा थी. जिसे क्रिटीक्स और फैंस की खूब सराहना मिली. अब ये जोड़ी फिर से एक एक्शन थ्रिलर के साथ धमाल मचाने को तैयार है. हाल ही में कनिका ने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के साथ अपनी नई फिल्म का एलान किया है. जिसका टाइटल गांधारी है, जिसमें लीड रोल तापसी पन्नू निभाने जा रही है.

स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने अनाउंस किया कि बॉलीवुड स्टार तापसी पन्नू और राइटर-फिल्म मेकर कनिका ढिल्लन ने फिल्म गांधारी का अनाउंसमेंट किया है. इसके पहले दोनों ने हसीन दिलरुबा (2021) और इसके सीक्वल फिर आई हसीन पर साथ काम किया है जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला और क्रिटीक्स ने भी इसकी सराहना की.

मास एक्शन ड्रामा फिल्म देवरा पार्ट 1 का ट्रेलर रिलीज

❑ जूनियर एनटीआर और सैफ अली खान के बीच छिड़ी समंदर पर बड़ी जंग

साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर स्टारर मास एक्शन ड्रामा फिल्म देवरा पार्ट 1 के ट्रेलर का इंतजार खत्म हो चुका है. देवरा पार्ट 1 का ट्रेलर अपने तय समय और डेट पर रिलीज हो गया है. देवरा पार्ट 1 के ट्रेलर का इंतजार जूनियर एनटीआर के फैंस को बेसब्री से था, जो आज खत्म हो गया है. देवरा पार्ट 1 के पहले टीजर और पोस्टर ने फैंस में फिल्म के प्रति बढ़ाई थी, लेकिन ट्रेलर देखने के बाद फैंस को 27 सितंबर तक का इंतजार भारी पड़ सकता है.

देवरा पार्ट 1 एक मास ड्रामा एक्शन फिल्म है. इसमें जूनियर एनटीआर का डबल रोल में हैं. ट्रेलर में भी जूनियर एनटीआर के दो अवतार दिख रहे हैं. पहले अवतार में वह बाप के रोल में निडर, बहादुर और हिम्मतवाले नजर आ रहे हैं, जो अपने समंदर में सैफ अली खान से जंग लड़ते दिख रहे हैं. वहीं, दूसरे अवतार में वह एक आम इंसान की तरह साधारण और डरपोक नजर आ रहे हैं. ट्रेलर बताता है कि देवरा (जूनियर एनटीआर) और भैरा (सैफ अली खान) समंदर पर कब्जा करने के लिए एक-दूसरे के खून के प्यासे बन हुए हैं.

फिल्म देवरा पार्ट 1 में सैफ अली खान को विलेन भैरा बनाकर उतारा है और वह फिल्म में जूनियर एनटीआर से टक्कर लेते दिखेंगे. वहीं, जूनियर एनटीआर के अपोजिट बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर रोमांस करती दिखेंगी.

देवरा पार्ट 1 को सिवा कोराताला ने बनाया है. युवासुधा आर्ट्स ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है. फिल्म में आगामी 27 सितंबर को रिलीज होने जा रही है. पहले फिल्म दशहरा के मौके पर रिलीज होनी थी. बता दें, जूनियर एनटीआर को साल 2022 में आई मेगा-ब्लॉकबस्टर फिल्म आरआरआर में देखा गया था. इस फिल्म के सॉन्ग नाटू-नाटू ने बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी में ऑस्कर जीता था. वहीं, जूनियर एनटीआर के दो साल बाद पर्दे पर उतरने से उनके फैंस का एक्साइटमेंट लेवल हाई है.

शब्द सामर्थ्य- 175

बाएं से दाएं

1. टुड्डी पर के बाल, टुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 174 का हल

खा	म	खां			इं			
स	ह		ब	र	सा	त		प
	क	हा	नी		न	क	च	ढ़ा
त			स्व			ली		ई
क	या	म	त		क	फ	न	
दी		र्दा		बा	बू		ह	वा
र	ह	ना		ल	त	खो	र	
	वा		नौ	क	र			सा
भा	ई		का			बा	द	ल

सू-दोकू- 175

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.174 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6